कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री गणेश नारायण शर्मा पुत्र श्री लादूराम शर्मा, निवासी मु0पो0 जोशी मौहल्ला, सैंथल तहसील सैंथल जिला दौसा – 303507

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 46/2026

निर्णय

दिनांक 20.04.2026

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, कोषाधिकारी दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश प्रदान किये गये।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी कोषाधिकारी दौसा को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2026/1049 दिनांक 06.04.2026 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी कोषाधिकारी दौसा ने पत्र क्रमाकःकोष/संस्था/2026/695 दिनांक 17.4.2026 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को भिजवाते हुए प्रति अपीलांट को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(डॉ.सौम्या झा)
जिला कलक्टर, दौसा